# पीएमश्री स्कूल में बच्चों पर बनाया जा रहा दबाव

■ आदेगांव के शासकीय पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल का मामला, प्राचार्य, अतिथि शिक्षक की कथित मिलीभगत, कोचिंग का भी दबाव

**सिवनी नवभारत। पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आदेगांव इन दिनों शिक्षा की गुणवत्ता नहीं, बल्कि कथित मनमानी, दबाव और अव्यवस्था को लेकर चर्चा का केंद्र बना हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य डी.एल. नामी और वर्ग 1 में कार्यरत अतिथि शिक्षक सत्यम नेमा की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह कहा जा रहा है कि दोनों की कथित मिलीभगत के कारण विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था लगातार कमजोर होती जा रही है।**



सूत्रों के अनुसार, 28 दिसंबर 2025 को अतिथि शिक्षक सत्यम नेमा द्वारा लगभग 60 छात्र-छात्राओं को करीब 1500 किलोमीटर दूर चार दिवसीय भ्रमण पर ले जाया गया। बताया जा रहा है कि यह भ्रमण ऐसे समय कराया गया जब कोई शासकीय अवकाश घोषित नहीं था। इसके चलते विद्यालय की नियमित पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हुई। भ्रमण पर गए बच्चे भी पढ़ाई से कटे रहे और जो बच्चे भ्रमण में शामिल नहीं हुए, उनकी कक्षाएं भी व्यवस्थित रूप से संचालित नहीं हो सकीं। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब शासन परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए रेमेडियल कक्षाएं चला रहा है, तब प्राथमिक स्तर के बच्चों को इतनी लंबी दूरी के भ्रमण पर ले जाने का निर्णय किस आधार पर लिया गया। शिक्षा जानकारों का मानना है कि इस तरह के फैसले बच्चों की पढ़ाई और मानसिक स्थिरता—दोनों पर असर डालते हैं।

मामले को और गंभीर बनाते हुए अभिभावकों का आरोप है कि अतिथि शिक्षक सत्यम नेमा द्वारा बच्चों को प्रोजेक्ट में कम अंक देने का डर दिखाकर कोचिंग में बुलाया जाता है। कहा जा रहा है कि बच्चों से यह तक कहा जाता है कि यदि वे कोचिंग में नहीं आए, तो उनके प्रोजेक्ट के नंबर कम कर दिए जाएंगे। इस तरह का व्यवहार बच्चों पर मानसिक दबाव बनाने जैसा माना जा रहा है।

सूत्र यह भी बताते हैं कि निशुल्क कोचिंग के नाम पर बच्चों को बुलाकर धांधली की जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि इस व्यवस्था में पारदर्शिता नहीं है और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शिक्षा के नाम पर डर और दबाव का माहौल बनना गंभीर चिंता का विषय है। मामले की पृष्ठभूमि और भी चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, विगत वर्ष बोर्ड परीक्षा के दौरान रसायन शास्त्र विषय की परीक्षा में अतिथि शिक्षक सत्यम नेमा द्वारा नकल की पर्चियां बंटवाए जाने का मामला सामने आया था, जिसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी की गई थी। हालांकि उस समय इस पर क्या कार्रवाई हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन इस प्रकरण का उल्लेख अब फिर से शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।



### विद्यालय में चल रही मनमानी

अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विद्यालय में नकल, निजी या तथाकथित निशुल्क कोचिंग, भ्रमण की मनमानी और पढ़ाई से ध्यान हटाने वाली गतिविधियों को कथित तौर पर मौन संरक्षण मिल रहा है। इससे यह सवाल और गहरा जाता है कि विद्यालय में नियंत्रण और जवाबदेही की वास्तविक स्थिति क्या है। शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, यदि प्राचार्य स्तर पर निगरानी और अनुशासन कमजोर पड़ता है, तो ऐसे मामले सामने आते हैं, जिनका सीधा असर बच्चों के शैक्षणिक और नैतिक विकास पर पड़ता है। आदेगांव विद्यालय का यह मामला अब केवल एक स्कूल का नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला उदाहरण बनता जा रहा है। अब सबसे अहम प्रश्न यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी इन तथ्यों को गंभीरता से लेंगे? क्या पीएम श्री जैसी योजनाओं की मंशा जमीनी स्तर पर सुरक्षित रह पाएगी? या फिर बच्चों का भविष्य ऐसे ही दबाव, डर और अव्यवस्था की भेंट चढ़ता रहेगा?

# पलारी क्षेत्र के घर-घर में गूंज रहा राधे-राधे

बाल प्रभु जी महाराज को सुनने उमड़ रहा जन सैलाब




**पलारी नवभारत।** 7 जनवरी से 15 जनवरी तक शिव शक्ति पैलेस पलारी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बाल प्रभु जी महाराज को सुनने पूरा क्षेत्र बड़े हर्ष और उल्लास के साथ कथा में पहुंच रहा है बाल प्रभु जी महाराज की परिवार को सुधारने वाली वाणी सुनकर के लोग आनंदित हो रहे हैं लोगों का कहना है संत महात्मा बहुत आए पलारी में लेकिन बाल प्रभु जी महाराज से बड़े प्रभावित हो रहे हैं बाल प्रभु जी महाराज नगर भ्रमण के माध्यम से घर-घर भी पहुंच रहे हैं।

पलारी के कई क्षेत्रों में बाल प्रभु जी महाराज गए जहां लोगों ने अपने घरों के सामने दीपक जला करके बाल प्रभु जी महाराज का स्वागत किया और राधे-राधे की गूंज चारों ओर सुनाई दे रही है बाल प्रभु जी महाराज कहते हैं कि मुझे पैसों रूपी दक्षिण मत दीजिए अगर मुझे दक्षिणा देना है तो मेरी बातों को सुनकर अपने जीवन में उतरे यही मेरी सबसे बड़ी दक्षिण होगी आज बाल प्रभु जी महाराज ने कथा में कहा मंदिर में जाकर भगवान को जल चढ़ाने बेलपत्र चढ़ाने से भगवान प्रसन्न होंगे इसकी जवाबदारी नहीं है लेकिन घर में बैठी जो बुजुर्ग सास ससुर हैं माता-पिता हैं अगर वह भूखे हैं उनकी सेवा नहीं कर रहे हैं उन्हें गलत शब्दों से अलंकृत कर रहे हैं तो आप कितनी भी पूजा कर लेना भगवान आपसे कभी प्रसन्न होने वाले नहीं है पहले परिवार को प्रसन्न करो माता-पिता की सेवा करो तभी भगवान आपकी सेवा से प्रसन्न होंगे बाल प्रभु जी महाराज ने कहा भाग कर नहीं जाकर शादी करो जिस बेटी को मां-बाप ने पाल पोसकर बड़ा किया और वह मां-बाप को लज्जित करके किसी लड़की के साथ भाग जाती है तो जरूरी नहीं कि वह लड़की उस लड़के का जीवन भर साथ दे जब अपने मां-बाप की नहीं हुई अपने मां-बाप को धोखा दे दी तो तुम्हारे साथ में कैसे जीवन व्यतीत करेगी आजकल जो तलाक हो रहे हैं उसमें बेटी को समझने के बदले मां कहती है कि बेटा तुमने ठीक किया जो अपने पति को छोड़कर के घर आ गई अरे उन्हें समझना चाहिए की शादी के बाद में पति ही पत्नी का सब कुछ होता है कैसी भी परिस्थिति आ जाए अपने पति का साथ नहीं छोड़ना चाहिए पति को चाहिए कि वह पत्नी का सम्मान करें क्योंकि अगर लक्ष्मी चाहते हो तो सबसे पहले अपने घर की लक्ष्मी यानी पत्नी का सम्मान करो तब माता लक्ष्मी आपसे प्रसन्न होगी बस इन्हीं बातों को सुनकर के पूरी पलारी आनंदित हो रही है और ऐसी ज्ञान की बातें सुनकर के कथा में अपार जन समुदाय उमड़ रहा है यह आयोजन दिनांक 7 जनवरी से 15 जनवरी तक चलेगा 15 जनवरी को कथा का विश्राम दिवस होगा समिति ने अपील की है कि आप सभी इस कथा मैं बढ़-चढ़ भाग ले और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## एक नजर में




### छपारा सांदीपनि विद्यालय में हुआ सूर्य नमस्कार

छपारा। 12 जनवरी दिन सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के विशेष अवसर पर सुबह 8:30 बजे नगर के खैरमाई मढ़िया के समीप स्थित सांदीपनि विद्यालय परिसर पर सुर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल, उपाध्यक्ष ठाकुर शिवकांत सिंह विधालय प्राचार्य एम के रहमतकर एवं विधालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं सहित स्थानीय जनों ने सुर्य नमस्कार अभ्यास योग विद्या में निपुण विशेषज्ञ के निर्देशानुसार योग किया एवं योग करने से मिलने वाले लाभ को समझा।




### नेताजी महाविद्यालय की 65 छात्राओं ने किया टैली कोर्स

सिवनी। नेताजी सुभाष शासकीय महाविद्यालय, सिवनी की 65 छात्राओं ने टैली अकाउंटिंग कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया है—यह उनकी सीख से आजीविका की ओर एक सशक्त कदम है। कोहका फाउंडेशन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से इन छात्राओं को व्यावहारिक लेखांकन कौशल प्राप्त हुआ है, जिससे वे अब पेशेवर दुनिया में प्रवेश के लिए तैयार हैं। अब कोहका फाउंडेशन द्वारा इनके लिए नौकरी एवं इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास शुरू किए जा रहे हैं, ताकि शिक्षा को स्थायी आय में और आत्मविश्वास को आत्मनिर्भरता में बदला जा सके। इस परिवर्तनकारी पहल को संभव बनाने वाले हमारे सभी दानदाताओं का कोहका फाउंडेशन हृदय से आभार व्यक्त करता है, जिनके सहयोग से वंचित वर्ग की बेटियाँ सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर हो रही हैं।

### 21 फिट ऊंची भव्य शिव प्रतिमा का अनावरण आज



छपारा। नगर से दो किलोमीटर दूर भीमगढ रोड़ स्थित ग्राम खुर्सीपार में स्वर्गीय श्री प्रदीप सिंह ठाकुर खैरी एवं स्वर्गीय गोकुल प्रसाद पटेल जबलपुर की स्मृति में बनाई गई विशाल 21 फुट शिव प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम 13 जनवरी दिन मंगलवार को आयोजित किया गया है उक्त अवसर पर पूजन अभिषेक एवं महाप्रसाद कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से आरंभ होगा वहीं दोपहर 3:00 बजे से भंडारा महाप्रसाद एवं भजन संध्या महा आरती का आयोजन किया गया है आयोजकों के द्वारा उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया गया है।

# भोपाल से आई टीम की जांच में बड़ा खुलासा, सर्वेयर व सुपरवाइजर को क्लीन चिट, प्रबंधकों पर फोड़ा ठीकरा

**सिवनी नवभारत।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत सिवनी जिले में चल रही धान खरीदी अब अपने अंतिम चरण में है। महज एक सप्ताह का समय शेष है, लेकिन उपार्जन केंद्रों पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा। सर्वेयरों पर लग रहे अवैध वसूली के गंभीर आरोपों के बीच, भोपाल मुख्यालय से आई आर.बी. एसोसिएट्स ग्लोबल कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड की उच्च स्तरीय जांच टीम ने मैदानी हकीकत खंगालने के बाद सर्वेयरों और सुपरवाइजरों को क्लीन चिट दे दी है। जांच दल ने दावा किया है कि भ्रष्टाचार के आरोप उन तत्वों द्वारा लगाए जा रहे हैं, जिनके अमानक धान खपाने के मंसूबों पर सर्वेयर पानी फेर रहे हैं।

**जमीनी पड़ताल लिखित बयानों ने बदली तस्वीर**

लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कंपनी की स्पेशल विजिलेंस टीम ने जिले के लखनादौन, धूमा, धनोरा और सिवनी मुख्यालय सहित दर्जनों संवेदनशील उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जांच दल ने मौके पर मौजूद समिति प्रबंधकों, वेयरहाउस संचालकों और स्व-सहायता समूहों से सीधी बात की।

कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, जांच के दौरान समिति प्रबंधकों और समूह संचालकों ने लिखित बयान दर्ज कराए हैं कि किसी भी सर्वेयर या सुपरवाइजर ने उनसे पैसों की मांग नहीं की है। इन लिखित दस्तावेजों के आधार पर कंपनी ने निष्कर्ष निकाला है कि सर्वेयरों पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह से प्रायोजित और द्वेषपूर्ण हैं। जांच रिपोर्ट में एक चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। कंपनी का कहना है कि सर्वेयर का कार्यक्षेत्र केवल एफएक्यू मानकों के तहत धान की गुणवत्ता जांचना है। असल खेल गुणवत्ता परीक्षण के बाद शुरू होता है। भर्ती प्रक्रिया में धांधली के सवालों पर कंपनी ने अपना पक्ष मजबूती से रखा है। बताया गया है कि मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन की निविदा शर्तों के तहत, सर्वेयरों का चयन पूरी तरह से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया गया है। इसमें शिक्षा, दक्षता और अनुभव को आधार बनाया गया है, जिससे मानवीय हस्तक्षेप और सिफारिश की गुंजाइश शून्य हो गई है।



### इनका कहना है

लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए हमने निष्पक्ष जांच की है। हमारी प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी है। जांच में सर्वेयर और सुपरवाइजर किसी भी अवैध गतिविधि में लिप्त नहीं पाए गए, जिसके लिखित प्रमाण समितियों ने दिए हैं। सच यह है कि अमानक धान को रिजेक्ट करने की सख्ती के कारण ईमानदारी से काम कर रहे कर्मचारियों पर झूठे आरोप मढ़े जा रहे हैं। हम गुणवत्ता से समझौता नहीं करेंगे।

**रजनीश कुमार कौरव**
**फील्ड ऑफिसर, आर.बी.**
**एसोसिएट्स ग्लोबल कनेक्ट प्रा. लि.**

### आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर छपारा में मनाई विवेकानंद जयंती

छपारा। नगर के खैरमाई मंदिर के पास स्थित आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर में सोमवार 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती मनाई गई। ज्ञात हो कि नगर कि प्रतिष्ठित विद्या भारती से सम्बद्धता प्राप्त विद्यालय श्री आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर छपारा में स्वामी विवेकानंद जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें समिति के व्यवस्थापक सुनील दत्त पाठक एवं परिषद द्वारा मनोनीत सदस्य हेमन्त श्रीवात्री की उपस्थित रही, कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम द्वीप प्रज्वलित कर दीप ज्योति एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई, उसके पश्चात सूर्य नमस्कार, योग आसन सहित विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद के विषय में भाषण दिया गया।

## विधायक ने योग साधकों के साथ की विभिन्न योग क्रियाएं



**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय मुनमुन ने योग साधकों के साथ बैठकर विभिन्न योग क्रियाएं किया। स्वामी विवेकानंद की जयंती (युवा दिवस) के पावन अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण मे प्रातः 09.00 बजे से जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए। विधायक श्री राय स्वयं भी उपस्थित समस्त योग साधकों के साथ बैठकर पूरी तन्मयता से विभिन्न योग क्रियाएं भी किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने पूरी ऊर्जा के साथ सूर्य नमस्कार के सभी चरणों का अभ्यास किया। इसके साथ ही आपने प्राणायाम, कपालभाति और अनुलोम-विलोम जैसी महत्वपूर्ण योग क्रियाएं भी कीं। इसके पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भारतीय संस्कृति को स्थापित करने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति की अनमोल धरोहर है। सूर्य नमस्कार सर्वांगीण व्यायाम है। जो शरीर और मन दोनों को स्फूर्ति प्रदान करता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहने के लिए हर नागरिक को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।




## बस स्टैंड में आयोजित हुआ चालकों का नि :शुल्क नेत्र परीक्षण

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्ग दर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत यातायात नियमो का पालन करने हेतु समझाइश दी जा रही है। साथ ही लोक परिवहन के साधनों जैसे बस, ऑटो आदि के चालको को यातायात नियमो का पालन करने की हिदायत के साथ-साथ उनको अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की समझाइश भी दी जा रही है। साथ ही प्रत्येक वर्ष अपना नेत्र परीक्षण आवश्यक रूप से कराने हेतु निर्देशित किया जा रहा है, क्योंकि लोक परिवहन के साधनों में चालक का काम करने वाले वाहन चालकों पर उन साधनों से सफ़र करने वाले व्यक्तियों का जीवन निर्भर करता है। इस प्रकार नेत्र सम्बन्धी बीमारियों से किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो इसके लिए आवश्यक है कि सभी चालक अपना नेत्र परीक्षण समय पर कराकर चिकित्सक द्वारा दी गई सलाह के अनुसार अपना इलाज अवश्य कराए।

प्राय: वाहन चालक अपने कार्य में व्यस्तता के कारण एवं एक स्थान से दूसरे स्थान पर लगातार आवागमन के कारण अपना नेत्र परीक्षण समय पर नहीं करा पाते हैं। इसे देखते हुए सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सिवनी के निर्देश अनुसार थाना प्रभारी यातायात सिवनी एवं अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जिला सिवनी के द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन शासकीय बस स्टैंड सिवनी में किया गया 7 नेत्र परीक्षण दृष्टी दोष विशेषज्ञ योगेन्द्र पटेल चिकित्सक साई नेत्रा आई केयर द्वारा किया गया। जहां पर लगभग 150 वाहन चालकों के नेत्रों का परीक्षण कराया गया साथ ही आवश्यकता अनुसार उन्हें चश्मे भी वितरित किए गए।

## लखनादौन पुलिस ने किया बाईक चोरी का खुलासा, एक आरोपी धराया




**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में लखनादौन पुलिस को चोरी गये 02 मोटरसायकल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली सफलता।

प्रार्थी धर्मेंद्र पिता डेहसिंह झारिया निवासी करेली थाना आदेगांव ने रिपोर्ट लेख कराया कि गत 02/01/2026 को गनेशगंज से इसकी एस एफ डीलक्स मो0सा0 क्रमांक एमपी 22 एमएच 9861 को कोई अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया है। प्रार्थी सुमतलाल धुर्वे निवासी गंजटोला गनेशगंज ने रिपोर्ट लेख कराया कि गत 04/01/2026 को गनेशगंज से होंडा लिवो बगाईक क्र. एमपी 22 एमएल 6735 को कोई अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट दर्ज कर चोरी की मो0सा0 की पतारसी हेतु टीम का गठन किया गया 11/01/2026को मुखबिर सूचना हुई कि एक व्यक्ति लखनादौन में संदिग्ध अवस्था में मो0सा0 बेचने की कोशिश कर रहा है। सूचना पर टीम द्वारा घेरांबदी कर पकड़ा गया जिसका नाम पूछने पर दुर्गेश पिता धरमसिंह इनवाती उम्र 30 साल निवासी देवरीकला थाना लखनादौन का बताया जिसने मोटर साइकिल चोरी करना कबूल किया जिसके कब्जे से मोटर साइकिल जप्त कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक केपी धुर्वे, सउनि महेन्द्र सिंह उइके, प्रआर. वीरेन्द्र मर्सकोले, आरक्षक दीपेश मेहरा, लकेश पटले, धनेश्वर यादव, ओमप्रकाश धुर्वे का सराहनीय योगदान रहा।

**आयोजन** आयोजन के साथ राष्ट्रीय सारेगामापा व स्व. महेश चंद्र मालू सम्मान समारोह

# नागपुर के तनिष गजभिये बने सारेगामापा फायनल के विजेता





**सिवनी नवभारत। जिला मनोरंजन समिति एवं पृथ्वी टाइम्स के संयुक्त तत्वावधान में सिवनी के बड़ा मिशन स्कूल ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रीय सारेगामापा गायन प्रतियोगिता का भव्य फाइनल एवं स्व. महेश चंद्र मालू सम्मान समारोह अत्यंत गरिमामय और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ।**

इस आयोजन ने सिवनी को एक बार फिर राष्ट्रीय सांस्कृतिक और संगीत मानचित्र पर मजबूती से स्थापित कर दिया। देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 30 प्रतिभाशाली गायक-गायिकाओं ने फिल्मी, नॉन-फिल्मी एवं शास्त्रीय गीतों की प्रस्तुतियों से ऐसा सुरमयी वातावरण रचा कि दर्शक देर रात तक संगीत में डूबे रहे। भव्य मंच, उत्कृष्ट साउंड सिस्टम और सुव्यवस्थित आयोजन ने कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर की पहचान दिलाई।

प्रतियोगिता के फाइनल में नागपुर के तनिष गजभिये ने अपनी भावनात्मक और सधी हुई प्रस्तुति के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबलपुर के विशेष मेश्राम को द्वितीय एवं मंडला के चितवन सुखवाणी को तृतीय स्थान मिला। निर्णायकों द्वारा सुर-ताल, लय, भाव, रागबोध एवं मंचीय संतुलन के आधार पर निष्पक्ष मूल्यांकन किया गया। विजेताओं को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, वहीं सभी प्रतिभागियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में ज़ी टीवी सारेगामापा एवं अन्य राष्ट्रीय मंचों से जुड़ीं स्टार सिंगर सौम्या शर्मा की सशक्त गायकी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि लोकप्रिय यूट्यूब कलाकार देव पवार की कॉमेडी और मिमिक्री ने कार्यक्रम को जीवंत और मनोरंजक बना दिया। फाइनल में प्रसिद्ध संगीतकार मिथलेश वासु की ऑर्गन की-बोर्ड प्रस्तुति ने आयोजन को अविस्मरणीय ऊँचाई प्रदान की। इसी अवसर पर आयोजित स्व. महेश चंद्र मालू सम्मान समारोह में समाजसेवा, संगीत और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया।

## धर्मान्तरण रोकने के लिये आयोजित हुआ सम्मेलन



**उगली नवभारत।** जिले के विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बनाथर में गत दिवस विश्व हिंदु परिषद बजरंगदल महाकौशल प्रांत धर्म प्रसार विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में एक सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, यह कार्यक्रम ग्राम बनाथर के देवी माता, शिव मंदिर प्रांगण से भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ आरंभ होकर, पूरे ग्राम के भ्रमणोंपरांत राम वन गमन पथ के अंतर्गत उल्लेखित प्रभु राघवेंद्र सरकार के वनवाश काल का उल्लेख मिलता है, प्रभु श्री राम जी, श्री लखन लाल और भारतेश्वरी माता जानकी के पद चिन्हों का यहां पडना अपने आप में आलौकिक है, जिसे श्री राम छज्जा के नाम से जाना जाता है। यहां पर पाषाण पत्थरों से निर्मित एक गुफा स्वरुप प्राचीन मंदिर, सीता माता की रषोई, भगवान के पद चिन्ह और निकट से धनई नदी जो जंगलों से होकर गुजरती है, ऐसा कहा जाता है कि माता जानकी को प्यास लगी तब लखन लाल को आदेश देकर धनुष बाण से एक रेखा खींचने से यह नदी अवतरित हुई है, जिसका नाम धनई पड गया, यहां सरभंगा श्रषी और जबाली श्रषी भी पहूंचे थे, ऐसी मान्यताओं के साथ यह स्थान बहुत ही रमणीय और दिव्य पावन अलौकिक है, यह बनाथर ग्राम के अंतर्गत एक पहाडी में यह दिव्य स्थान पर भगवान श्री राम मंदिर तक भजन मंडली के साथ पूरे ग्राम व क्षेत्रवासीयों ने पहुंचकर आरती पूजन पश्चात कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर इस कार्यक्रम में पूजन कर आमंत्रित अतिथीयों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बजरंगी भाई श्रीराम लाल पटले, मंच संचालक रि. शिक्षक ब्रजमोहन टेंम्भ्रे, गगन देशमूख उगली प्रखंड के अशोक पटले प्रवीण मालू दिग्विजय सिंह राजपूत, कमलेश नागेश्वर व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।